# अध्याय -4 | सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

## QUIZ-01

1. 'उत्साह' कविता के कवि कौन हैं?
   A. तुलसीदास　　B. सूरदास
   C. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'　　D. नागार्जुन　　(C)

*व्याख्या :* 'उत्साह' कविता के रचयिता सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' हैं, जो छायावाद के प्रमुख कवि थे।

2. . 'उत्साह' कविता में कवि बादलों से क्या आग्रह कर रहा है?
   A. बरसने का
   B. छाए रहने का
   C. गरजने का
   ` D. इनमें सभी　　(C)

*व्याख्या :* कवि बादलों से गरजने का आग्रह कर रहा है ताकि वे धरती को शीतल करें और जीवन में उत्साह भरें।

3. कवि ने तप्त धरा के माध्यम से किस ओर संकेत किया है?
   A. जन सामान्य की पीड़ा
   B. जलवायु परिवर्तन
   C. अत्यधिक गर्मी
   D. वैश्विक तपन　　(A)

*व्याख्या :* यहाँ "तप्त धरा" का संकेत है जनसाधारण की पीड़ा और संघर्षों की ओर, जो जीवन में राहत और उम्मीद की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

4. कवि ने बादलों को क्या कहकर संबोधित किया है?
   A. अज्ञात दिशा
   B. विकल
   C. अनंत के घन
   D. इनमें सभी　　(C)

*व्याख्या :* 'कवि ने बादलों को अनंत के घन कहकर संबोधित किया है?

5. कवि 'निराला' ने बादलों की तुलना किससे की है?
   A. कवि से
   B. वर्षा से
   C. इनमें सभी
   D. सृष्टि से　　(A)

*व्याख्या :* कवि 'निराला' ने बादलों की तुलना कवि नवजीवन वाले से की है।

6. 'उत्साह' कविता के अनुसार संसार के सभी प्राणियों की स्थिति कैसी है?
   A. गर्मी के कारण बेचैन और उदास है
   B. गर्मी के कारण खुश है
   C. वर्षा के कारण उत्साहित है
   D. इनमें सभी　　(A)

*व्याख्या :* प्रकृति में फैली गर्मी के कारण सभी प्राणी विकल और उदास हैं, वे शीतलता की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

7. कवि गर्मी से तपती धरती को जल से भरकर शीतल करने का आग्रह किससे कर रहा है?
   A. स्वयं से　　B. बादलों से
   C. चाँद से　　D. इनमें सभी　　(B)

*व्याख्या :* कवि बादलों से आग्रह करता है कि वे जल बरसाकर धरती को शीतल करें और पीड़ित प्राणियों को राहत दें

8. कवि के अनुसार, बादल कहाँ से आ रहे हैं?
   A. ईश्वर के घर से
   B. अनजान दिशा से
   C. आसमान के एक विशेष छोर से
   D. धरा से　　(B)

*व्याख्या :* कवि कहता है कि बादल अनजान दिशा से आ रहे हैं, यह रहस्य और सौंदर्य का प्रतीक है।

9. "विकल-विकल, उन्मन थे उन्मन" पंक्ति किसकी उदासी को दर्शाती है?
   A. उदास बादलों की
   B. उदास प्राणियों की
   C. A और B दोनों
   D. इनमें कोई नहीं　　(C)

*व्याख्या :* यह पंक्ति बादलों की भीतरी बेचैनी और प्राणियों की विकलता—दोनों को दर्शाती है।

10. कवि बादलों से क्या अनुरोध कर रहा है?
   A. प्राणियों के मन को विकल करने का
   B. धरती को शीतल करने का
   C. ज्ञात दिशा से आने का
   D. धरा को तप्त करने का　　(B)

*व्याख्या :* कवि चाहता है कि बादल धरती को जल से शीतल करें, ताकि जीवन में फिर से ऊर्जा और उत्साह लौटे।